an>

Title: Need for a new railway line in Balaghat Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट शिवनी जिले में यात्रियों के आवागमन एवं माल ढुलाई हेतु पर्याप्त रेल सुविधा नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संसदीय क्षेत्र में आदिवासी, अनुसूचित जाति तथा पिछड़े क्षेत्र के लोग अत्यधिक संख्या में निवास करते हैं। यह जिला नक्सल प्रभावित श्रेणी में आता है। इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कान्हा एवं पेंच नेशनल पार्क आते हैं, जिनमें हजारों पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं। वहां हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की सबसे बड़ी भूमिगत खान संचालित है। लोगों को व्यापार, व्यवसाय तथा आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेलवे सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि लामता से बैंहर मलाजखंड, शिवनी से छपरा, लखनादुन, हट्टा से लांजी, आमगांव तथा शिवनी से बरघाट कटंगी, वाराशून्य से खैरलांजी किरोड़ी नई रेल लाइन की स्वीकृति अतिशीघ्र प्रदान करें, जिससे लोगों को व्यापार व्यवसाय आवगमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री बोध सिंह भगत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।